Internal IDBT

378. SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: DR. ALLADI P. RAJKUMAR:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the details of burgeoing internal debt and other liabilities of the Central Government; and

(b) the corrective financial measures proposed to ourtail the growth of Government debt?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDABRARAM): (a) The internal debt and other liabilities at the end of 1995-96 (RE) were as under:—

(Rs. crore) (i) Internal debt (Market loans. Treasury Bills, Relief Bonds etc.) 303358.86 (ii) Other liabilities (Small Savings Schemes, Provident Funds, Reserve Funds and Deposits etc), 249685.31 (b) The Government would endeavour to contain the fiscal deficit (additional borrowings) in the current year at 5% of GDP by increasing receipts and contral-. ling expenditure.

एयर इंडिया को प्रतिदिन हुआ औसतन घाटा

379. प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा:
श्री नीलोत्पल बसु:

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एअर इंडिया को इस वर्ष के पहले छः महीने में प्रतिदिन औसतन एक करोड़ रुपए का घाटा हुआ है;

(ख) क्या एयर इंडिया का कैश रिजर्व 1150 करोड़ रुपए से कम होकर 250 करोड़ रुपए रह गया है;

(ग) अनेक वर्षों तक लाभ कमाने के बाद एअर इंडिया को पिछले वर्ष से घाटा होने के क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार इसे पुनः लाभकारी बनाने के लिए क्या कदम उठा रही है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰एम॰ इब्राहीम): (क) अप्रैल से सितम्बर, 1996 तक की अवधि के लिए एअर इंडिया का अनुमानित घाटा 195 करोड़ रुपए है।

(ख) 31 मार्च, 1995 को, एअर इंडिया की नगद और बैंक में शेष राशि 966.46 करोड़ रुपए थी और 31 मार्च, 1996 को, यह 490.64 करोड़ रुपए थी।

(ग) नए विमानों पर ब्याज और मूल्य ह्रास, प्रतिस्पर्द्धा में वृद्धि के कारण आय में कमी, अवतरण, हैंडलिंग और दिक्कालन प्रभारों में वृद्धि के कारण व्यय में बढ़ोत्तरी, इंजीनियरों के आंदोलन आदि के कारण हानि हुई।

(घ) वित्तीय निष्पादन को सुधारने के लिए एअर इंडिया अपने मार्किट प्रयासों को सघन बनाने, क्षमता में वृद्धि करने, गैर-प्रचालन लागतों को घटाने तथा अपने उत्पाद, छवि और समय पर कार्य निष्पादन को सुधारने के लिए कदम उठा रहा है।

हरियाणा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना

380. श्री रामजीलाल: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्यों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के मापदण्ड क्या हैं;

(ख) हरियाणा में कितने गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत हैं और सरकार ने अन्य गांवों में ऐसे केन्द्र खोलने के लिए क्या कार्यवाही की है; और

(ग) गत दो वर्षों के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु प्रदान की गई वित्तीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) अनुमोदित मानकों के अनुसार एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैदानी क्षेत्रों में प्रति 30,000 जनसंख्य पर और पहाड़ी तथा जनजातीय क्षेत्रों में प्रति 20,000 जनसंख्या पर स्थापित किया जाता है।